दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार के दो बाल वीरों सहित सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं को सर्वश्रेष्ठ योगदान करना होगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान सीतामढ़ी और शिवहर जिले में चार सौ तेईस करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद सहित कई जिलों में बारिश की संभावना जताई।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वीर बाल दिवस के अवसर पर असाधारण उपलब्धियों के लिए शेखपुरा के सौरभ कुमार और बख्तियारपुर की गोल्डी कुमारी समेत

देशभर के सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय के सौरभ कुमार को नदी में डूब रहे तीन बच्चों की जान बचाने के लिए यह सम्मान मिला है।

———बाईट———

जबकि नालंदा के हरनौत की रहने वाली गोल्डी कुमारी को थाईलैंड में आयोजित किए गए विश्व एबेलिटी पैरा यूथ गेम्स में एक स्वर्ण समेत तीन पदक जीतने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

———बाईट———

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह दिन श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान और साहस का सम्मान करने का दिन है। राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां देश के सभी नागरिकों को प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और अवसर प्रदान करना देश की परंपरा का हिस्सा रहा है।

———बाईट———

अपने देश के बच्चों के लिए आदर्श प्रस्तुत किए हैं। किसी ने अपनी जान जोखिम में डालकर बहादुरी के साथ लोगों की जान बचाई। किसी ने मेडिकल कंडीशन के बावजूद दिव्यांगजनों की सहायता के लिए कार्य किए हैं। किसी ने खेलकूद अथवा कला के क्षेत्र में

असाधारण व्यवधान दिया है, तो किसी ने देश प्रेम का आदर्श प्रस्तुत किया है। देश प्रेम की भावना ही बच्चों को और राष्ट्र हित के लिए समर्पित होने के मार्ग पर ले जाती है।

———————————————————————————————

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में गोल्डी कुमारी ने कहा कि राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार प्राप्त करना उसके लिए गौरव की बात है।

———बाईट———

इधर वीर बालक सौरव कुमार के गांव में खुशी का माहौल है। शेखोपुरसराय के किशनपुर गांव में हर कोई उसकी वीरता की चर्चा कर रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज

नई दिल्ली में भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूओं की परंपरा ने हमें सबको समान आदर के साथ देखने की शिक्षा दी है और देश का संविधान भी हमें इसी विचार के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें सिखाता है कि देश की अखंडता और विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं से सर्वश्रेष्ठ योगदान करने की अपील की।

———बाईट———

वीर बाल दिवस का ये वर्ष और भी खास है। ये वर्ष भारतीय गणतंत्र की स्थापना का, हमारे संविधान का 75वां वर्ष है। इस 75वें वर्ष में देश का हर नागरिक वीर साहिबजादों से राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए काम करने की प्रेरणा ले रहा है। आज भारत जिस सशक्त लोकतंत्र पर गर्व करता है, उसकी नींव में साहिबजादों की वीरता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह बहुत छोटे थे मगर उनका साहस आकाश से भी ऊंचा था। उन्होंने कहा कि आज वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि कोई भी परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों ना हो देश और उसके हितों से बड़ी नहीं हो सकती। श्री मोदी ने कहा कि इतिहास में और वर्तमान में भी युवा ऊर्जा ने भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका अदा की है। प्रधानमंत्री ने

कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 21वीं सदी के जन आंदोलनों तक देश के युवा ने हर क्रांति में योगदान किया है।

———बाईट———

भारत के युवा ने हर क्रांति में अपना योगदान दिया है। आप जैसे युवाओं की शक्ति के कारण ही आज पूरा विश्व भारत को आशा और अपेक्षाओं के साथ देख रहा है। आज भारत में स्टार्टअप से साइंस तक, स्पॉर्ट्स से एंटरप्रेन्योरशिप तक युवा शक्ति नई क्रांति कर रही है और इसीलिए हमारी पॉलिसी में भी युवाओं को शक्ति देना सरकार का सबसे बड़ा फोकस है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूती से लागू करना और इस कार्य में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर पोषण व्यवस्था मजबूत करना है। लगभग साढे तीन हजार बच्चों और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से पुरस्कृत बालकों ने अन्य गणमान्य लोगों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के तीसरे दिन शिवहर और सीतामढ़ी जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। हमारे

सीतामढ़ी संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री ने जिले में वर्षों से बंद पड़ी रीगा चीनी मिल का पुनरूद्धार के बाद आज शुभारम्भ किया। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

हमारे शिवहर संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिले में एक सौ सत्तासी करोड़ रूपये की लागत वाली दो सौ तीस योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

———बाईट———

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान रीगा चीनी मिल का पुनः संचालन शुरू होना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे मिल के चार सौ कर्मचारियों को प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग दो हजार व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक पेराई सत्र तक चीनी मिल सफलता पूर्वक चल गई, तो सरकार की ओर से गन्ना किसानों का बकाया इक्यावन करोड़ रुपया का भुगतान किया

जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रीगा सुगर मिल का चालू होना ऐतिहासिक घटना है। इससे सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण एवं मधुबनी जिले के लगभग पचास हजार गन्ना उत्पादकों को चीनी मिल के पुनः संचालन से लाभ प्राप्त होगा एवं उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

---

कैमूर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकारी पैसा लेकर आवास का निर्माण नहीं करने वाले तीन सौ तिरसठ लाभार्थियों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पांच सौ तीस लाभार्थियों को लाल नोटिस दिया गया है।

---

मौसम विभाग ने पछुआ हवा के प्रभाव से कल बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल जिले में कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं, अट्ठाईस दिसम्बर से पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, सारण, सीवान, भागलपुर, बांका, जमूई सहित कई अन्य हिस्सों में बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा है कि पश्चिमी

विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने के कारण दो दिनों के बाद प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है।

————————————————————————————————

पूर्व–मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज नवनिर्मित पटना–किऊल–गया रेलखंड का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्री सुविधा और संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान महाप्रबंधक ने रेल मार्गों में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओएचई, सिगनलिंग सिस्टम की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने अशोकधाम स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने शेखपुरा, नवादा स्टेशन पर प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशनों की साफ सफाई सहित यात्री सुविधा एवं रेल संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया । गया स्टेशन पहुंचने पर श्री सिंह ने गया स्टेशन के पुनर्विकास के लिए निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया ।

————————————————————————————————

पूर्व–मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए पटना से राजगीर, किऊल और गया के बीच पैसेंजर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या थ्री टू जीरो वन राजगीर–पटना फास्ट पैसेंजर स्पेशल का परिचालन दिनांक इकतीस दिसम्बर तक प्रतिदिन किया जायेगा। वहीं, पटना, किउल और पटना–गया स्पेशल ट्रेन भी इस महीने के अंत तक हर दिन चलाई जायेगी।

———————————————————————————

नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने कहा है कि रजौली में परमाणु बिजलीघर के निर्माण कार्य की प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग और एनटीपीसी के अधिकारियों की टीम आज निर्माण स्थल पर पहुंची। टीम ने परियोजना से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं का अध्ययन शुरू कर दिया है।

———————————————————————————

आईआईटी पटना परिसर में आज से इंटर आईआईटी कल्चरल मीट सेवेन प्वाइंट ओ की शुरूआत हुई। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टीएन सिंह ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया।

---

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पटना के गाँधी मैदान में आयोजित सरस मेला का आज समापन हो गया। मेले के दौरान बिहार सहित देश की कई राज्यों की स्वयं सहायता समूह और जीविका दीदियों के स्टॉल लगाए गए थे। इस दौरान खरीददारी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

---

जाने—माने शिक्षाविद और संस्कृत के विद्वान आचार्य परमानन्द झा के निधन पर बिहार संस्कृत सह माध्यमिक शिक्षक संघ के महा सचिव शोभाकान्त झा ने गहरा शोक जताया है। पिछले दिनों परमानन्द झा का आकस्मिक निधन हो गया।

———————————————————————————

बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने और पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में अभ्यर्थियों का प्रदर्शन आज नौवें दिन भी जारी रहा।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के राजनगर थाना क्षेत्र मे उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक मिनी ट्रक से एक सौ पैंतीस कॉर्टन देशी शराब के साथ एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना पुलिस ने एक पिकअप वैन से पांच सौ बीस लीटर अंग्रेजी शराब और तीस लीटर स्पीरिट के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

सुपौल के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सुपौल प्रखंड अंतर्गत बकौर में निर्माणाधिण बकौर–भेजा पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगति कार्य की समीक्षा की।

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार के दो बाल वीरों सहित सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं को सर्वश्रेष्ठ योगदान करना होगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान सीतामढ़ी और शिवहर जिले में चार सौ तेईस करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद सहित कई जिलों में बारिश की संभावना जताई।

---

समाप्त